# जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

www.jda.urban.rajasthan.gov.in

क्रमांक–प.2 ( )जविप्रा / अ.आ / एल.पी.सी. / बैठक / 2022 / डी– 1378 दिनांकः– 25/08/2022

**कार्यवाही विवरण**

प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 171वीं बैठक दिनांक 25.08.2022 को प्रातः 11.00 बजे श्री रवि जैन, जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में "मंथन सभा कक्ष" में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण परिशिष्ठ 'अ' पर संलग्न है। बैठक में विचार विमर्श पश्चात् निम्नांकित निर्णय लिये गयेः–

| क्र.सं | जोन | प्रस्ताव संख्या | विषय | निर्णय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | – | 171:1 | प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 170वीं बैठक दिनांक 14.07.2022 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि एवं लम्बित अनुपालना रिपोर्ट की समीक्षा बाबत। | भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 170वीं बैठक दिनांक 14.07.2022 के कार्यवाही विवरण की पुष्टि की गई एवं लम्बित अनुपालना की समीक्षा की गई। आयुक्त महोदय द्वारा लंबित प्रकरणों में शीघ्र पालना करने के निर्देश दिए गए। |
| 2. | 4 | 171:2 | मै. ई.जी.आई.एस. हेल्थकेयर सर्विसेज प्रा.लि. जरिये निदेशक डॉ. राजेश भोजवानी के द्वारा दो आसन्न भूखण्ड(1)वाणिज्यिक / संस्थागत भूखण्ड़ क्षेत्रफल 4583 वर्गमीटर (2) सुविधा क्षेत्र (चिकित्सा सुविधाओं हेतु आरक्षित) भूखण्ड क्षेत्रफल 3555 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 8138 वर्गमीटर भूमि का आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा जविप्रा की मेट्रो एनक्लेव योजना के दो आसन्न भूखण्ड(1) वाणिज्यिक / संस्थागत भूखण्ड़ क्षेत्रफल 4583 वर्गमीटर (2) सुविधा क्षेत्र (चिकित्सा सुविधाओं हेतु आरक्षित) भूखण्ड क्षेत्रफल 3555 वर्गमीटर कुल क्षेत्रफल 8138 वर्गमीटर भूमि के आवंटन हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श कर भूमि आवंटन आरक्षित / रियायती दर पर स्वीकृति हेतु प्रकरण राज्य सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। |
| 3. | 5 | 171:3 | पथिक भवन गृ.नि.स. समिति की योजना सूर्य नगर के भूखण्ड संख्या 480 में अतिरिक्त क्षेत्रफल 56.19 वर्गमीटर की आवंटन दर में संशोधन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 169वीं बैठक दिनांक [illegible].06.2022 में उक्त भूखण्ड के क्रम में बढ़े हुये क्षेत्रफल को आवासीय आरक्षित दर पर आवंटित करने के निर्णय को संशोधित करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श किया जाकर नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दि. 20.09.2021 एवं 28.09.2021 के क्रम में गृ.नि.स.समिति की योजना होने के कारण बढ़े हुये क्षेत्रफल का आवंटन आरक्षित दर की 25 प्रतिशत राशि लेकर करने का निर्णय लिया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | 5 | 171:4 | पथिक भवन गृ.नि.स. समिति की योजना सूर्य नगर के भूखण्ड संख्या 489 में अतिरिक्त क्षेत्रफल 54.00 वर्गमीटर की आवंटन दर में संशोधन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा प्राधिकरण की भूमि एवं सम्पत्ति निस्तारण समिति की 169वीं बैठक दिनांक 08.06.2022 में उक्त भूखण्ड के क्रम में बढ़े हुये क्षेत्रफल को आवासीय आरक्षित दर पर आवंटित करने के निर्णय को संशोधित करने हेतु पत्रावली प्रस्तुत की गई।<br>समिति द्वारा विचार–विमर्श किया जाकर नगरीय विकास विभाग के परिपत्र दि. 20.09.2021 एवं 28.09.2021 के क्रम में गृ.नि.स.समिति की योजना होने के कारण बढ़े हुये क्षेत्रफल का आवंटन आरक्षित दर की 25 प्रतिशत राशि लेकर करने का निर्णय लिया गया। |
| 5. | 7 | 171:5 | अधिशाषी अभियन्ता विद्युत–II जविप्रा को दो 33/11 केवी जी. एस. एस के लिए 2000 व. मी. भूमि का निःशुल्क आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा जविप्रा की योजना गिरधारीपुरा–''ए'' ब्लॉक में सृजित संस्थानिक भूखण्ड की रि–प्लानिंग पी.डब्ल्यू.सी. की बैठक 4/2021–22 दिनांक 15.07.2021 के द्वारा अनुमोदित है, जिसमें उपलब्ध भूमि 1324.62 व.मी. भूमि (रिजर्व लेण्ड) को अधिशाषी अभियन्ता विद्युत–II जविप्रा को दो 33/11 केवी जी. एस. एस के लिए निःशुल्क आवंटन बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा विचार विमर्श कर अधिशाषी अभियन्ता विद्युत–II जविप्रा को दो 33/11 केवी जी. एस. एस के लिए 1324.62 व.मी. भूमि आरक्षित करने का निर्णय लिया गया। |
| 6. | 8 | 171:6 | अध्यक्ष श्री संत परमसुख दास जी महाराज आश्रम (गौशाला) शिवराम सेवा समिति जोतडावाला को ग्राम जयसिंहपुरा उर्फ जोतडावाला के खसरा नम्बर 201, 241, 247, 248, 249, व 250 में सृजित संस्थानिक योजना के भूखण्ड संख्या–1 क्षेत्रफल 13480.62 व.मी., भूखण्ड संख्या–2 10371.31 व.मी. एवं भूखण्ड संख्या–3 क्षेत्रफल 2764.68 व.मी. कुल क्षेत्रफल 26,616.61 व.मी. भूमि गोशाला हेतु निःशुल्क आवंटन करने बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा अध्यक्ष श्री संत परमसुख दास जी महाराज आश्रम (गौशाला) शिवराम सेवा समिति जोतडावाला को ग्राम जयसिंहपुरा उर्फ जोतडावाला के खसरा नम्बर 201, 241, 247, 248, 249, व 250 में सृजित संस्थानिक योजना के भूखण्ड संख्या–1 क्षेत्रफल 13480.62 व.मी. भूखण्ड संख्या–2 10371.31 व.मी. एवं भूखण्ड संख्या–3 क्षेत्रफल 2764.68 व.मी. कुल क्षेत्रफल 26,616.61 व.मी. भूमि गोशाला हेतु आवंटन करने बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा विचार विमर्श कर चाहा गया क्षेत्रफल जविप्रा की अधिकारिता से अधिक होने के कारण राज्य सरकार को प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7. | 9 | 171:7 | जविप्रा कर्मचारी आवासीय योजना खूसर के भूखण्ड संख्या बी--39 कार्नर क्षेत्रफल 162.00 के बढे हुये क्षेत्रफल 90.00 व.मी. के आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर समिति द्वारा विचार विमर्श कर जविप्रा कर्मचारी आवासीय योजना खूसर के भूखण्ड संख्या बी–39 कार्नर क्षेत्रफल 162 के बढे हुए क्षेत्रफल 90.00 व.मी. का आवंटन वर्तमान आवासीय आरक्षित दर + 10 प्रतिशत कार्नर चार्जेज पर आवंटन किये जाने का निर्णय लिया गया। |
| 8. | 9 | 171:8 | जविप्रा की आवासीय योजना रामचन्दपुरा के भूखण्ड संख्या–10 क्षेत्रफल 1815 वर्ग मीटर जयपुर में बेघर डॉग्स के शेल्टर हाउस हेतु रियायती दर पर भूखण्ड आवंटन बाबत। | जविप्रा की आवासीय योजना रामचन्द्रपुरा के भूखण्ड संख्या–10 क्षेत्रफल 1815 व.मी. मे से 1000 व.मी. भूमि जयपुर में बेघर डॉग्स के शेल्टर हाउस हेतु भूखण्ड आवंटन का एजेण्डा प्राप्त हुआ।<br>समिति द्वारा विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया कि भूखण्ड संख्या–10 क्षेत्रफल 1815.45 व.मी. में से भूखण्ड संख्या–9 की तरफ 1000 व.मी. का नवसृजित भूखण्ड संख्या 10ए रियायती दर पर आवंटन हेतु राज्य सरकार को भिजवाने का निर्णय लिया गया। |
| 9. | 10 | 171:9 | नवीन राजकीय महाविद्यालय जामडोली को निःशुल्क भूमि आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा ग्राम बगराना तहसील जयपुर के ख.न. 247 रकबा 4.5527 है0 किस्म चारागाह में से 5 एकड़ (20235 व.मी.) भूमि नवीन राजकीय महाविद्यालय जामडोली को निःशुल्क भूमि आवंटन बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गया।<br>समिति द्वारा विचार विमर्श कर प्रकरण में जविप्रा की अधिकारिता से अधिक क्षेत्रफल होने के कारण राज्य सरकार को प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। |
| 10. | 10 | 171:10 | न्यू आहगरान एज्युकेशन कमेटी, लुहारो का खुर्रा, घाटगेट बाजार, जयपुर को महिला उच्च व तकनीकी शिक्षा हेतु रियायती दर ग्राम बगराना तह. जयपुर के खसरा नं. 729/1 रकबा 1.1635 है. किस्म बंजड में से 3017.89 वर्गमीटर संस्थानिक भूमि आवंटन बाबत। | उपायुक्त जोन द्वारा न्यू आहगरान एज्युकेशन कमेटी, लुहारो का खुर्रा, घाटगेट बाजार, जयपुर को महिला उच्च व तकनीकी शिक्षा हेतु रियायती दर ग्राम बगराना तह. जयपुर के खसरा नं. 729/1 रकबा 1.1635 है. किस्म बंजड में से 3017.89 वर्गमीटर संस्थानिक भूमि आवंटन बाबत एजेण्डा प्रस्तुत किया गयज्ञ<br>समिति द्वारा विचार विमर्श कर प्रश्नगत भूमि का क्षेत्रफल जयपुर विकास प्राधिकरण की अधिकारिता से अधिक होने के कारण प्रकरण राज्य सरकार को आवंटन की स्वीकृति हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11 | 11 | 171:11 | ग्राम रेनवाल मांजी तहसील फागी जिला जयपुर के खसरा नम्बर 3599/1600 रकबा 38 बीघा 10 बिस्वा में से कब्रिस्तान हेतु 2000 व.मी. भूमि का आवंटन बाबत। | ग्राम रेनवाल मांजी तहसील फागी जिला जयपुर के खसरा नम्बर 3599/1600 रकबा 38 बीघा 10 बिस्वा में से कब्रिस्तान हेतु 2000 व.मी. भूमि का आवंटन के सम्बन्ध में उपायुक्त जोन को पुनः परीक्षण कर व मौका देखकर, एवं आवासीय योजना के सामने है तो अन्यत्र भूमि तलाशने हेतु निर्देशित कर आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। |

(आनन्दी लाल वैष्णव)
सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ, पालनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-**

1. विशिष्ठ सहायक, मा0 मंत्री, नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. निजी सचिव, जयपुर विकास आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
4. सचिव, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।
5. निदेशक (वित्त/अभियांत्रिकी-I, II, III,IV/नगर-आयोजना), जविप्रा, जयपुर।
6. अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व/पश्चिम/एल.पी.सी./भूमि/प्रशासन), जविप्रा, जयपुर।
7. संयुक्त आयुक्त (संसाधन विकास एवं समन्वय), जविप्रा, जयपुर।
8. विशेषाधिकारी (आर. एण्ड एम.), जविप्रा, जयपुर।
9. अतिरिक्त निदेशक (राजस्व एवं सम्पति निस्तारण), जविप्रा, जयपुर।
10. उपायुक्त जोन-1 से 14, पृथ्वीराज नगर (उत्तर-प्रथम व द्वितीय) (दक्षिण-प्रथम व द्वितीय)।
11. सिस्टम एनालिस्ट, जविप्रा को कार्यवाही विवरण स्केन कर जविप्रा वेबसाईट पर अपलोड करने के लिये।
12. जन सम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।
13. रक्षित पत्रावली।

(आनन्दी लाल वैष्णव)
सदस्य सचिव एवं
अतिरिक्त आयुक्त (एलपीसी)


रामकिशोर व्यास भवन, इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004
दूरभाष-(+91-0141-2570122) : ईपीबीएक्स -91+0141-2569696 एक्सटेंशन: (7019): फेक्स- +91-141-2574555
ई-मेल : ( aclpc.jda@rajasthan.gove.in )